डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण


दैनिक

पटना, 20 अगस्त, रविवार, 2023




## बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10

# कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने संचालन समिति का गठन किया



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान के अनुच्छेद 15 (बी) के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष ने संचालन समिति का गठन किया है। यह कांग्रेस कार्य समिति के स्थान पर कार्य करेगी। सीडब्ल्यूसी कांग्रेस का निर्णय लेने वाला सर्वोच्च निकाय है।

## कांग्रेस कार्य समिति

| | | |
|---|---|---|
| 1. श्री मल्लिकार्जुन खड़गे | 14. श्री आनंद शर्मा | 27. श्री जितेंद्र सिंह, |
| 2. श्रीमती सोनिया गांधी, | 15. श्री अशोकराव चव्हाण | 28. श्री रणदीप सुरजेवाला, |
| 3. श्री मनमोहन सिंह | 16. श्री अजय माकन | 29. श्री सचिन पायलट |
| 4. श्री राहुल गांधी | 17. श्री चरणजीत सिंह चन्नी | 30. श्री दीपक बाबरिया |
| 5. श्री अधीर रंजन चौधरी | 18. श्रीमती प्रियंका गांधी | 31. श्री जगदीश ठाकोर |
| 6.श्री ए. के. एंटनी, | 19. कुमारी सैलजा | 32. श्री गुलाम अहमद मीर |
| 7. श्रीमती अंबिका सोनी | 20. श्री गैखंगम | 33. श्री अविनाश पांडे |
| 8. श्रीमती मीरा कुमार | 21. श्री रघुवीरा रेड्डी | 34. श्रीमती दीपा दास मुंशी |
| 9. श्री दिग्विजय सिंह | 22. श्री शशि थरूर | 35. श्री महेंद्रजीत सिंह मालवीय |
| 10. श्री पी चिदंबरम | 23. श्री ताम्रध्वज साहू | 36.श्री गौरव गोगोई |
| 11. श्री तारिक अनवर | 24. श्री अभिषेक मनु सिंघवी | 37. श्री सैयद नासिर हुसैन |
| 12. श्री लाल थनहवला | 25. श्री सलमान खुर्शीद | 38. श्री कमलेश्वर पटेल |
| 13. श्री मुकुल वासनिक | 26. श्री जयराम रमेश | 39. श्री के.सी. वेणुगोपाल |

## प्रभार

| | |
|---|---|
| 19. डॉ.ए॰ चेल्लाकुमार | 26. श्री माणिकराव ठाकरे |
| 20. .श्री भक्त चरण दास | 27. श्रीमती रजनी पटेल |
| 21. डॉ. अजय कुमार | 28. श्री कन्हैया कुमार |
| 22. श्री हरीश चौधरी | 29. श्री गुरदीप सप्पल |
| 23. श्री राजीव शुक्ला | 30. श्री सचिन राव |
| 24. श्री बी. मनिकम टैगोर | 31. श्री देवेन्द्र यादव |
| 25. श्री सुखविंदर रंधावा | 32. श्री मनीष चतरथ |

## विशेष आमंत्रित सदस्य

| | |
|---|---|
| 1. श्री पल्लम राजू | 6. श्रीमती सुप्रिया श्रीनेत, |
| 2. श्री पवन खेड़ा | 7. श्रीमती परिणिति शिंदे, |
| 3. श्री गणेश गोदियाल, | 8.. श्रीमती अलका लांबा |
| 4. कोडिकुन्नील सुरेश | 9. श्रीमती वामसी चंद रेड्डी |
| 5.श्रीमती यशोमति ठाकुर, | |

## पदेन सदस्य

1. श्री श्रीनिवास बी.वी. : अध्यक्ष भ्भारतीय युवा कांग्रेस
2. श्री नीरज कुंदनः अध्यक्ष एनएसयूआई
3. श्रीमती नेट्टा डिसूजाः अध्यक्ष, महिला कांग्रेस
4. श्री लाल जी देसाईः अध्यक्ष, अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल

# कांग्रेस संचालन समिति के गठित सदस्य

## कांग्रेस कार्य समिति



### 1. मल्लिकार्जुन खड़गे

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित भारतीय राजनीतिज्ञ हैं। वे वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। वे राज्य सभा में विपक्ष के नेता थे। वे भारत सरकार की पंद्रहवीं लोकसभा के मंत्रीमंडल में श्रम एवं रोज़गार मंत्री रह चुके हैं। वे 2009 में हुए आमचुनाव में कर्नाटक के गुलबर्गा चुनाव क्षेत्र से 15 वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए थे।वे भारत के पूर्व लोक सभा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता थे।



### 2. सोनिया गांधी

इटालियनः भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस , एक सामाजिक लोकतांत्रिक राजनीतिक दल,की सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाली अध्यक्ष हैं उन्होंने अपने पति और भारत के पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी की हत्या के सात साल बाद 1998 में पार्टी नेता के रूप में पदभार संभालाऔर बाईस वर्षों तक सेवा करने के बाद 2017 तक इस पद पर रहीं। वह 2019 में इस पद पर लौटीं और अगले तीन वर्षों तक अध्यक्ष रहीं।



### 3. मनमोहन सिंह

भारत गणराज्य के 13 वें प्रधानमन्त्री थे। साथ ही साथ वे एक अर्थशास्त्री भी हैं। लोकसभा चुनाव 2009 में मिली जीत के बाद वे जवाहरलाल नेहरू के बाद भारत के पहले ऐसे प्रधानमन्त्री बने, जिनको पाँच वर्षों का कार्यकाल सफलता पूर्वक पूरा करने के बाद लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला था। इन्हें 21 जून 1991 से 16 मई 1996 तक पी वी नरसिंह राव के प्रधानमंत्रित्व काल में वित्त मन्त्री के रूप में किए गए आर्थिक सुधारों के लिए भी श्रेय दिया जाता है।



### 4. राहुल गांधी

एक भारतीय राजनीतिज्ञ और भारतीय संसद के सदस्य हैं, जिन्होंने लोकसभा में अमेठी, उत्तर प्रदेश और वायनाड, केरल के निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व किया। वह मुख्य विपक्षी दल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य हैं और 16 दिसंबर 2017 से 3 जुलाई 2019 तक पार्टी के अध्यक्ष भी रहे हैं। राहुल भारत के प्रसिद्ध गांधी–नेहरूपरिवार से हैं। राहुल को 2009 के आम चुनावों में कांग्रेस को मिली बड़ी राजनैतिक जीत का श्रेय दिया गया है। उनकी राजनैतिक रणनीतियों में जमीनी स्तर की सक्रियता पर बल देना, ग्रामीण जनता के साथ गहरे संबंध स्थापित करना और कांग्रेस पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत करने की कोशिश करना प्रमुख हैं।



### 5. अधीर रंजन चौधरी

भारत की सत्रहवीं लोकसभा के सदस्य हैं तथा इसके पूर्व वे 13वीं, 14वीं, 15वीं एवं सोलहवीं लोकसभा के सदस्य भी रह चुके हैं। 2014 के चुनावों में इन्होंने पश्चिम बंगाल की बहरामपुर सीट से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से भाग लिया। वह पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भी हैं।



### 6. अरक्कप्परम्पिल कुर्यान एंटनी

एक भारतीय राजनीतिज्ञ और ऊपरी सदन, राज्य सभा से भी संसद के सदस्य है, जो भारत सरकार की पंद्रहवीं लोकसभा के मंत्रीमंडल में रक्षा मंत्रालय में मंत्री रह चुके हैं।इससे पहले वे केरल राज्य के मुख्यमंत्री भी रहे।



### 7. अंबिका सोनी

गांधी परिवार से पुराना पारिवारिक संबंध था, जब बंटवारे के दौरान उनके पिता बतौर कलेक्टर अमृतसर स्थानांतरित हुए, तब उन्हें पं॰ नेहरूके साथ काम करने का मौका मिला। 1975 में वे भारतीय युवा कांग्रेस की अध्यक्ष चुनी गईं और उन्होंने संजय गांधी के साथ जुड़कर काम किया। मार्च 1976 में वे राज्यसभा के लिए चुनी गईं। 1998 में वे अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष बनीं। 1999–2006 तक वह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव रहीं। जनवरी 2000 को वे पुनः राज्यसभा के लिए चुनी गईं और उन्होंने 10 जून 2004 को इस्तीफा दे दिया। जुलाई 2004 में राज्यसभा के लिए उन्हें फिर चुना गया। 29 जनवरी 2006 से 22 मई 2009 तक वे पर्यटन और संस्कृति मंत्री रहीं। 22 मई 2009 से 27 अक्टूबर 2012 तक उन्होंने बतौर सूचना और प्रसारण मंत्री सेवाएं दीं। जुलाई 2010 में राज्यसभा के लिए उन्हें फिर चुना गया।



### 8. श्रीमति मीरा कुमार

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रमुख नेताओं में से हैं। इन्होंने पंद्रहवीं लोकसभा में बिहार के सासाराम लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। वह लोकसभा की पहली महिला अध्यक्ष (स्पीकर) के रूप में 3 जून 2009 को निर्विरोध चुनी गयीं। इन्होंने 2017 के राष्ट्रपति चुनाव में यू पी ए की उम्मीदवार के रूप में रामनाथ कोविन्द के व राजनीति में उनका प्रवेश अस्सी के दशक में हुआ था। 1985 में वे पहली बार बिजनौर से संसद में चुन कर आईं। उस समय के दो दलित नेता रामविलास पासवान और मायावती भी उनके प्रचार अभियान का हिस्सा रहे। 1990में वे कांग्रेस पार्टी की कार्यकारिणी समिति की सदस्य और अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव भी चुनी गईं। 1996 में वे दूसरी बार सांसद बनीं और तीसरी पारी उन्होंने 1998 में शुरुकी, 2004 में बिहार के सासाराम से लोक सभा सीट जीती। 2004 में यूनाईटेड प्रोग्रेसिव अलायन्स सरकार में उन्हें सामाजिक न्याय मंत्रालय में मंत्री बनाया गया। इस बार वे पाँचवीं बार संसद के लिए चुनी गई हैं। मीरा कुमार भारत की पहली महिला लोकसभा स्पीकर हैं। जीएमएसी बालयोगी के बाद वे दूसरी दलित नेता हैं जो इस पद तक पहुंचे।



### 9. दिग्विजय सिंह

सक्रिय राजनीति में 1971 में आये, जब वह राघोगढ नगरपालिका अध्यक्ष बने। 1977 में काँग्रेस टिकट पर चुनाव जीत कर राघोगढ़ विधान सभा क्षेत्र से विधान सभा सदस्य बने। 1978–79 में दिग्विजय को प्रदेश युवा काँग्रेस का महासचिव बनाया गया। 1980 में वापस राघोगढ़ से चुनाव जीतने के बाद दिग्विजय को अर्जुन सिंह मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री का पद दिया गया तथा बाद में कृषि विभाग दिया गया। 1984, 1992 में दिग्विजय को लोकसभा चुनाव में विजय मिली। 1993 और 1998 में इन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वे कांग्रेस के महासचिव पद पर रहते हुए अनेक प्रदेशों का प्रभार संभाल चुके हैं। उनके कार्यकाल (प्रभार) में कांग्रेस ने कई राज्यों में बेहतरीन प्रदर्शन किए। असम, महाराष्ट्र कर्नाटक और राजस्थान में सरकारें बनी तथा उत्तर प्रदेश, गोवा और बिहार में कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ाने में उनका योगदान रहा। वर्तमान में वे राज्य सभा सांसद हैं



### 10. पलनिअप्पन चिदम्बरम

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से सम्बद्ध एक भारतीय राजनीतिज्ञ एवं भारत गणराज्य के पूर्व केन्द्रीय वित्त मन्त्री है। इसके अलावा चिदम्बरम एक स्थापित कंपनी मामलों के वकील है जिन्होंने अब दिवालिया हो चुकी एनरॉन सहित कई प्रसिद्ध संस्थाओं के लिए पैरवी की है। पी॰ चिदम्बरम केन्द्र में पिछली दो कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकारों के एक महत्वपूर्ण सदस्य थे। पहले भी वह मई 2004 से नवम्बर 2008 तक भारत के वित्त मन्त्री रह चुके हैं। नवम्बर 2008 में मुम्बई पर हुए आतंकी हमलों के पश्चात् विवादों में घिरे शिवराज पाटिल के इस्तीफे की वज़ह से चिदम्बरम को भारत के गृह मन्त्री बनाया गया था। गृह मन्त्री के रूप में साढ़े तीन साल के कार्यकाल के बाद इन्हें मनमोहन सिंह सरकार में पुनः वित्त मन्त्री नियुक्त किया गया।



### 11. तरिक अनवर

एक भारतीय राजनेता एवं सोलहवीं लोकसभा में वे बिहार राज्य की कटिहार लोकसभा सीट से सांसद रहे है। वे वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य है तथा पूर्व में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रह चुके हैं। वे पूर्व में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्यसभा के सदस्य भी थे। वह कृषि और खाद्य प्रसंस्करण केंद्रीय मंत्री थे। वह कटिहार निर्वाचन क्षेत्र से कई बार लोकसभा के लिए चुने गए हैं। अनवर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम केसरी के बेहद करीबी थे।

# कांग्रेस कार्य समिति



## 12. पु ललथनहवला

भारतीय राज्य मिजोरम के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। इनके नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 2008 के मिजोरम के विधानसभा चुनावों में जबरदस्त जीत दर्ज की।



## 13. मुकुल बालकृष्ण वासनिक

भारत सरकार में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री थे। उन्होंने 2009 से 2014 तक महाराष्ट्र के रामटेक निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) राजनीतिक दल के सदस्य हैं। वह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव भी हैं। 2022 में वासनिक को राज्यसभा का सदस्य चुना गया।



## 14. श्री आनंद शर्मा

को भारत सरकार की पंद्रहवीं लोकसभा के मंत्रीमंडल में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री बनाया गया। राज्य सभा के सदस्य (2016-2022)।

## 15. अशोकराव शंकरराव चव्हाण



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री शंकरराव चव्हाण के बेटे हैं। वह महाराष्ट्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक है। उन्होंने 8 दिसंबर 2008 से 9 नवंबर 2010 तक महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया है। इसके अलावा, उन्होंने विलासराव देशमुख सरकार में सांस्कृतिक मामलों, उद्योग, खान और प्रोटोकॉल मंत्री के रूप में कार्य किया है और वह महाराष्ट्र के पूर्व PWD मंत्री भी हैं।



## 16. अजय माकन

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC) के सदस्य हैं। अजय माकन संसद के दो बार सदस्य और दिल्ली के विधान सभा के तीन बार सदस्य रहे है। वो आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन के लिए केंद्रीय कैबिनेट मंत्री बने।

## 17. चरणजीत सिंह चन्नी (जन्म 1 मार्च 1963)



पंजाबी राजनीतिज्ञ हैं और पंजाब के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य हैं वे 2007 से पंजाब विधान सभा के सदस्य हैं और दो बार खरार (डँा1) म्युनिसिपल काउंसिल के अध्यक्ष भी रह चुके हैं. वह दूसरे अमरिंदर सिंह मंत्रालय में तकनीकी शिक्षा और प्रशिक्षण मंत्री और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता थे। पंजाब कांग्रेस प्रभारी हरीश रावत ने चरणजीत सिंह चन्नी को पंजाब कांग्रेस के विधायक दल का नेता चुने जाने का ऐलान किया था`वह पंजाब के पहले दलित मुख्यमंत्री थे ' चरणजीत सिंह चन्नी 2022 पंजाब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कि तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार थे`

## 18. प्रियंका गांधी वाड्रा



एक भारतीय राजनीतिज्ञ और उत्तर प्रदेश की प्रभारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव हैं। वह भारत के पूर्व प्रधान मंत्री राजीव गांधी और सोनिया गांधी की बेटी, राहुल गांधी की बहन और फ़िरोज़ और इंदिरा गांधी की पोती हैं, जो उन्हें राजनीतिक रूप से प्रमुख नेहरू-गांधी परिवार का सदस्य बनाती हैं। वह राजीव गांधी फाउंडेशन की ट्रस्टी भी हैं।

## 19. कुमारी शैलजा



एक भारतीय राजनीतिज्ञ तथा भारत सरकार की पंद्रहवी लोकसभा के मंत्रीमंडल में आवास, शहरी ग़रीबी उन्मूलन एवं पर्यटन मंत्रालय में मंत्री थीं। वे भारत के पंद्रहवी लोकसभा की सदस्या एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबद्ध राजनेत्री हैं

## 20. गैखंगम



वर्ष 2002 के विधानसभा चुनाव से मणिपुर कांग्रेस के टिकट पर गैखंगम जीत रहे हैं. गैखंगम मणिपुर के पूर्व उप मुख्यमंत्री रहे हैं. इतना ही नहीं गैखंगम गंगमेई राज्य कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके हैं. गैखंगम गंगमेई राज्य में कैबिनेट मंत्री के तौर पर कई महत्वपूर्ण विभाग संभाल चुके हैं. जिनमें कला और संस्कृति, खेल और वन शामिल हैं. गैखंगम गंगमेई ने 2017 के विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी के एडम पाइमेई को हराया था वहीं साल 2012 में भी कांग्रेस के टिकट पर गैखंगम ने एमएससीपी के टिकट पर लड़े एडम पाइमेई को हराया था.

## 21. रघुवीर रेड्डी



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित है। उन्हें मार्च, 2014 में आंध्र प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। प्रारंभिक जीवन रघुवीर रेड्डी का जन्म 12 फरवरी 1957 को अननाथपुर जिले में एन. केवरप्पा के घर हुआ था और वे एक यादव जाति से है

## 22. शशि थरूर



भारतीय राजनीतिज्ञ और पूर्व राजनयिक है, जो 2009 से केरल के तिरुवनन्तपुरम से लोक सभा सांसद है। वर्तमान में, वे विदेशी मामलों में संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष के रूप में सेवारत हैं। वे भारत सरकार के 2009–10 तक विदेश मन्त्रालय के और 2012–14 तक मानव संसाधन विकास मन्त्रालय के राज्य मन्त्री रह चुके हैं। 2007 तक, वे संयुक्त राष्ट्र के करियर अधिकारी थे, व 2001 में पद चढ़ते हुएँ, संचार और जन सूचना के उप महासचिव बने। संयुक्त राष्ट्र में 29 साल कार्यरत रहने के बाद, उन्होंने महासचिव पद के लिए (2006) चुनाव में, बान की मून की तुलना में दूसरे स्थान पर आने के बाद, संयुक्त राष्ट्र से प्रस्थान किया। वे एक साहित्यकार (उपन्यासकार)) भी हैं। थरूर एक प्रशंसित लेखक हैं, जिन्होंने 1981 से कथा और गैर-कथाओं के 17 बेस्टसेलिंग कार्यों को लिखा है, जो भारत और उसके इतिहास, संस्कृति, फिल्म, राजनीति, समाज, विदेश नीति और अधिक संबंधित विषयों पर केंद्रित हैं।

## 23. ताम्रध्वज साहू




16वीं लोकसभा में दुर्ग (लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र), छत्तीसगढ़ से संसद सदस्य थे। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में 2014 का भारतीय आम चुनाव जीता। संसद सदस्य बनने से पहले, वह 1998 से 2013 तक छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्य थे। वर्तमान में, वह छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री हैं।

## 24. अभिषेक मनु सिंघवी



वर्तमान में भारतीय संसद के एक सदस्य हैं जो भारतीय संसद के उच्च सदन राज्य सभा में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हैं। वर्तमान में वे कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता हैं।

## 25. सलमान खुर्शीद



विदेश मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री थे। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित हैं वह एक वकील और एक लेखक है जो 2009 की आम चुनाव में फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित हुए। इससे पहले वह फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 10 वीं लोकसभा (1991–1996) के लिए चुने गए थे। वह जून 1991 में वाणिज्य के केंद्रीय उप मंत्री बने, और बाद में विदेश मामलों के राज्य मंत्री (जनवरी 1993 – जून 1996) बन गए। उन्होंने 1981 में प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) में एक विशेष अधिकारी के रूप में इंदिरा गांधी के प्रधान मंत्री के तहत अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की।



## 26. श्री जयराम रमेश

को भारत सरकार की पंद्रहवी लोकसभा के मंत्रीमंडल में वन एवं पर्यावरण में मंत्री रहे।



## 27. जितेंद्र सिंह

ब्रिटिश भारत के अलवर रियासत के राजा के पुत्र हैं, जो बाद में अलवर लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लडे और केन्द्रीय युवा एवं खेल मंत्री, रक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार रहे।



## 28. रणदीप सिंह सुरजेवाला

कांग्रेस से संबद्ध भारतीय राजनेता हैं तथा हरियाणा के कैथल से विधायक रह चुके हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा नीत कांग्रेस सरकार में 2009 से 2014 तक वे मन्त्रीमण्डल के सदस्य रह चुके हैं। वे हरियाणा के सबसे कम आयु के मंत्री रहे हैं। 2005 में उन्हें यातायात व संसदीय कार्य मंत्री बनाया गया

## कांग्रेस कार्य समिति

### 29. सचिन पायलट



राजस्थान सरकार में पूर्व उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं। वे भारत सरकार की पंद्रहवीं लोकसभा के मंत्रिमंडल में संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री में मंत्री रहे है। वर्तमान में वे राजस्थान के टोंक विधानसभा क्षेत्र से विधायक है। ये चौदहवीं लोकसभा में राजस्थान के दौसा लोकसभा क्षेत्र का भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से प्रतिनिधित्व करते है। वे 2014 से 14 जुलाई 2020 तक राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी रहे।

### 30. दिल्ली कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी दीपक बाबरिया



### 31. दिसंबर, 2021 में गुजरात के प्रदेश अध्यक्ष बने थे जगदीश ठाकोर



### 32. गुलाम अहमद मीर



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक भारतीय राजनीतिज्ञ हैं जिन्होंने जम्मू और कश्मीर राज्य विधानसभा में दूरू (विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र) का प्रतिनिधित्व किया था। वह जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष थे।

### 33. झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय



### 34. दीपा दासमुंशी



ने 15वीं लोकसभा में रायगंज से संसद सदस्य के रूप में कार्य किया। वह अक्टूबर 2012 से मई 2014 तक शहरी विकास राज्य मंत्री थीं।

### 35. महेंद्रजीत सिंह मालवीय



पद : विधायक-बागीदौरा, कैबिनेट मंत्री – जल संसाधन, आईजीएनपी, जल संसाधन योजना विभाग, राजस्थान

### 36. गौरव गोगोई



भारत की सतारहवीं लोकसभा के सांसद है। 2014 के चुनावों और 2019 के चुनावों में वे असम की कलियाबोर सीट से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़कर निर्वाचित हुए।

### 37. कांग्रेस सांसद सैयद नासिर हुसैन



### 38. मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य, चुनाव-क्षेत्र: सिहावल



### 39. के.सी. वेणुगोपाल



केरल के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं में से एक है। यूपीए सरकार में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री के.सी. वेणुगोपाल ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के छात्र आंदोलन के माध्यम से राजनीति में कदम रखा और केरल छात्र संघ के राज्य अध्यक्ष और भारतीय युवा कांग्रेस के राज्य अध्यक्ष बने। वे वर्तमान में केरल में अलाप्पुझा निर्वाचन क्षेत्र के सांसद के रूप में सेवारत हैं।

## स्थाई आमंत्रित सदस्य

### 1. मोइली




भारतीय राज्य कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री (और पहले जातीय तुलुवा सीएम) थे। वह उडुपी जिले के करकला निर्वाचन क्षेत्र से कर्नाटक राज्य विधान सभा के लिए चुने गए। 2009 से 2019 तक, उन्होंने लोकसभा में चिकबल्लापुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। लेकिन 2019 में वह बीजेपी उम्मीदवार से हार गए जब बीजेपी ने कर्नाटक की 28 लोकसभा सीटों में से 25 सीटें जीतीं। वह भारत सरकार में पूर्व पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री और बिजली मंत्री थे। वह वर्तमान में आंध्र प्रदेश के प्रभारी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव के रूप में भी कार्यरत है। उन्हें कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों में से एक और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी का करीबी सलाहकार माना जाता है।

### 2. हरीश रावत



भारतीय राजनीतिज्ञ हैं जो फ़रवरी 2014 में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री बने। पाँच बार भारतीय सांसद रह चुके रावत भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता हैं। 15 वीं लोकसभा में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में जल संसाधन मंत्री केन्द्रीय मंत्री रह चुके हैं

### 3. पवन कुमार बंसल



कांग्रेस के पवन कुमार बंसल चार कार्यकालों के लिए चंडीगढ़ के सांसद रह चुके हैं। उन्होंने मनमोहन सिंह की सरकार में वित्त और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री के रूप में कैबिनेट मंत्री के रूप में कार्य किया। वे 1996 में रेल मंत्री भी रहे।

### 4. मोहन प्रकाश उत्तराखंड के वरिष्ठ पर्यवेक्षक



### 5. रमेश चेन्निथला



2016 से केरल विधानसभा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से जुड़े राजनेता और विपक्ष के नेता बन गए। उन्होंने संसद सदस्य और केरल सरकार में गृह राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया है।

### 6. बीके हरिप्रसाद



एक पूर्व संसद सदस्य हैं जिन्होंने भारतीय संसद के ऊपरी सदन राज्य सभा में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व किया। वह राज्यसभा के उपसभापति पद के लिए संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार थे

### 7. हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष



### 8. मनीष तिवारी



पेशे से वकील, ने सर्वोच्च न्यायालय से बाहर प्रैक्टिस की और लुधियाना निर्वाचन क्षेत्र के सांसद चुने गए। उन्होंने 2009-2014 तक केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सूचना और प्रसारण के रूप में भी कार्य किया। छात्र जीवन से ही वे राजनीति में सक्रिय थे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत एनएसयूआई से की और बाद में कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय समिति के सदस्य बने। पहली बार वे 2009 में अकालीदल के गुरचरण सिंह को हराने के बाद लोकसभा के लिए चुने गए थे। वे यूपीए सरकार में सूचना और प्रसारण मंत्री रहे। बीमारी के कारण उन्होंने 2014 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा'

### 9. दीपेंद्र सिंह हुड्डा



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से आम चुनावों में तीन बार हरियाणा के रोहतक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद चुने जा चुके हैं

# स्थाई आमंत्रित सदस्य

## 10. गिरीश राय चोदनकर उत्तरी गोवा निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार (2019



## 11. सितंबर 2016 में हामिद कर्रा कांग्रेस में शामिल



## 12. सुब्बारामी रेड्डी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राज्य सभा के सदस्य (2002-2020)



## 13. के. राजू



अखिल भारतीय कॉंग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक (अनुसूचित जाति/जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग) की जिम्मेदारी संभाल रहे है.

## 14. चंद्रकांत दामोदर हंडोरे मुंबई के पूर्व मेयर



## 15. नटराजन



15.नेशनल स्टूडेंट यूनियन ऑफ इंडिया, अध्यक्ष रही 1999 से 2002 तक. उन्होंने मध्य प्रदेश यूथ कांग्रेस में 2002–2005 के दौरान अध्यक्ष पद संभाला और श्री राहुल गाँधी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव में चयनित किया गया 2008 में. 2009 के चुनाव में मंदसौर सीट से भारतीय आम चुनाव, 2009 में पहली बार में ही अपने प्रतिद्वंद्वी भाजपा के लक्ष्मीनारायण पांडे 30,000 से अधिक वोटों से हरा दिया . गौरतलब है कि पांडे जी 1971 से यहाँ से लगातार चुनाव जीतते हुए आ रहे थे. कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय, महिलाओं के सशक्तिकरण समितिओं की सदस्य रहीं हैं।

## 16. फूलो देवी नेताम



16. छत्तीसगढ़ में 7 साल तक छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रहने वाली फूलो देवी नेताम

## 17. सिलारापु दामोदर राजा नरसिम्हा



ने 2011 और 2014 के बीच आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से विधान सभा के सदस्य (एमएलए) के रूप में एंडोले निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया , और उच्च शिक्षा और कृषि (प्रभार) के मंत्री पद संभाले।

## 18. सुदीप रॉय बर्मन



त्रिपुरा में कांग्रेस के दिग्गज नेता हैं. अगरतला से छह बार विधायक कद्दावर नेता सुदीप रॉय बर्मन रहे '

## 19.ए चेल्ला कुमार



प्रभार

19. एआईसीसी महासचिव डॉ. ए चेल्ला कुमार/ पार्टी का ओडिशा प्रभार



## 20. भक्त चरण दास :

बिहार कांग्रेस के प्रभारी भक्त चरण दास भारतीय संसद के सदस्य थे और 15वीं लोकसभा में कालाहांडी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व



## 21. डॉ अजय कुमार

सिविल सेवा की नौकरी छोड़ डॉ अजय कुमार ने राजनीति में कदम रखा



## 22. हरीश चौधरी

जो पंजाब और चंडीगढ़ में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस संगठन के प्रभारी एवं बाड़मेर जिले की बायतु विधानसभा क्षेत्र से राजस्थान विधान सभा के सदस्य हैं। 2018 से 2021 तक उन्होंने लगभग 3 वर्षों तक राजस्थान सरकार के राजस्व मंत्री के रूप में भी कार्य किया है।



## 23. राजीव शुक्ला

पूर्व पत्रकार, राजनीतिक टिप्पणीकार और इंडियन प्रीमियर लीग के पूर्व अध्यक्ष हैं। आईपीएल में कथित भ्रष्टाचार और स्पॉट फिक्सिंग के घोटाले के बाद, शुक्ला ने 1 जून 2013 को इसके अध्यक्ष के रूप में इस्तीफा दे दिया। 2015 में, शुक्ला को फिर से सर्वसम्मति से बीसीसीआई द्वारा आईपीएल के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। 18 दिसंबर 2020 को उन्हें निर्विरोध बीसीसीआई का उपाध्यक्ष चुना गया।



## 24. लोकसभा 2019 मनिकम टैगोर, बी. (विजेता) विरुधुनगर (तमिलनाडु)



## 25. राजस्थान कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह



## 26. महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानिकराव ठाकरे



## 27. रजनी पटेल महाराष्ट्र से राज्यसभा सीट

# कांग्रेस दर्पण

**सम्पादक**





प्रोफेसर डॉ संजय कुमार डॉ. राजकिशोर


## स्थाई आमंत्रित सदस्य



28. कन्हैया कुमार वर्तमान में NSUI का प्रभारी /भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता हैं। वह 2015 में जेएनयू छात्रसंघ के अध्यक्ष पद के लिए चुने गए थे।



29. गुरदीप सिंह सप्पल

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। वह राज्यसभा टीवी के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रधान संपादक हैं, जो भारत की संसद के ऊपरी सदन राज्यसभा के स्वामित्व और संचालित सार्वजनिक प्रसारक है।



30. सचिन राव : राहुल गांधी की टीम के महत्वपूर्ण सदस्यों में शुमार और कांग्रेस के प्रशिक्षण प्रमुख




31. देवेंद्र यादव

दिल्ली विधानसभा के पूर्व सदस्य



32. एआईसीसी नेता प्रभारी मनीष चतरथ

## विशेष आमंत्रित सदस्य की सूची



1. एम. एम. पल्लमराजू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंधित भारतीय राजनीतिज्ञ हैं। वे 2009 में हुए आमचुनाव में आंध्र प्रदेश के चुनाव क्षेत्र से 15 वीं लोकसभा के लिए सदस्य निर्वाचित हुए हैं। वे पूर्व मे कपड़ा मंत्री थे।



2. पवन खेड़ा ने दिल्ली के शीला दीक्षित के राजनीतिक सचिव, रूप में भी काम किया । वह वर्तमान में अध्यक्ष के रूप में प्रचार विभाग और कव्उ पार्टी दोनों की देखरेख करते हैं।



3. गणेश गोदियाल भारत के उत्तराखंड से एक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस राजनीतिज्ञ हैं । वह थलीसैंण विधानसभा क्षेत्र और श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र से एक ईमानदार विधायक हैं ।



4. कोडिकुन्नील सुरेश भारत की सोलहवी लोकसभा में सांसद । 2014 के चुनावों में इन्होंने केरल की मवेलीकारा सीट से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से भाग लिया।



5. यशोमती ठाकुर : महाराष्ट्र विधानसभा की सदस्य कांग्रेस की महिला विधायक



6. सुप्रिया श्रीनेत पूर्व सांसद हर्षवर्धन की बेटी, पूर्व पत्रकार , कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में कार्यरत हैं



7. प्रणीति शिंदे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से संबंद्ध महाराष्ट्र विधानसभा में सोलापुर से विधायक है। पूर्व केन्द्रीय गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे की पुत्री है।



8. अलका लाम्बा दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष, भारत के राष्ट्रीय छात्र संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति के पूर्व महासचिव और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव हैं।



9. चल्ला वामशी चंद रेड्डीः आंध्र प्रदेश विधायक के रूप में चुने जाने से पहले, वह आंध्र प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष थे ' चुनाव क्षेत्रः महबुबनगर , राज्यः तेलंगाना ॰

## पदेन सदस्य



1. श्रीनिवास बीवी कर्नाटक प्रांत के एक भारतीय कांग्रेस राजनीतिज्ञ हैं। वे वर्तमान में भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।



2. नीरज कुंदन का राजनीतिक करियर 2009 में जम्मू विश्वविद्यालय के लॉ स्कूल के अध्यक्ष के रूप में एक सफल और सफल चुनाव के साथ शुरू हुआ। वह 2011 में राष्ट्रीय प्रतिनिधि बने और दो साल बाद, वह जम्मू और कश्मीर के लिए दूसरे निर्वाचित एनएसयूआई अध्यक्ष बने । 2017 में वह पंजाब, राजस्थान और दिल्ली के प्रभारी थे। उनके नेतृत्व में एनएसयूआई ने पंजाब यूनिवर्सिटी और राजस्थान यूनिवर्सिटी में जीत हासिल की. उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए जम्मू–कश्मीर में कांग्रेस पार्टी की अभियान समिति के सदस्य के रूप में भी काम किया है



3. नेटा डिसूजाः अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का अध्यक्ष । नेटा डिसूजा अब तक महिला कांग्रेस में महासचिव पद पर कार्यरत कार्यरत थे ॰



4. श्री लालजी देसाई, अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल, दिल्ली के अध्यक्ष